कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मनोज गोंलिया वार्ड नं0 25 सिंघल मोहल्ला बडियाल रोड बांदीकुई, दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 06/2021

निर्णय दिनांक : 16.02.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/201 दिनांक 29.01.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई, जिला दौसा से प्राप्त प्रतिलिपि पत्रांकः आरटीआई/2021/208 दिनांक 03.02.. 2021 द्वारा अवगत करवाया की अपीलांट को सूचना के लिए प्रतिलिपि शुल्क 3 दिवस मे जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा